हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 19 जून 2024

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

4
जगन्नाथ का महास्नान 22 को, 8 जुलाई से रथयात्रा





## खबर संक्षेप



### राज्य मंत्री तोखन का महेश ने किया स्वागत

**खरसिया।** राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त कर पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र बिलासपुर पहुंचे क्षेत्रीय सांसद तोखन साहू का साहू समाज की ओर से खरसिया के भाजपा नेता व जिला महामंत्री महेश साहू ने पुष्पाहार पहनाकर स्वागत किया और इसे साहू समाज के लिए गर्व का विषय बना रहा। महेश के साथ रायगढ़ पश्चिम मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष गजेंद्र यादव, भाजपा नेता बाल कृष्ण साहू ने गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत अभिनंदन करतें हुए शुभकामनाए प्रकट किए।

### ट्रेलर ने बाइक सवार को कुचला, दर्दनाक मौत



**रायगढ़।** रायगढ़-खरसिया नेशनल हाईवे में बेलगाम रफ्तार ने फिर एक कर्मचारी की असमय जान ले ली। वहीं एक युवक घायल है। घटना खरसिया थाना की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नवापारा, जिला जांजगीर-चांपा निवासी राहुल साहू जो कक्षा 12वीं का विद्यार्थी है, अपने पिता प्रेमलाल साहू को ड्यूटी पर छोड़ने के लिए अपने दोस्त बिरजु यादव के साथ बाइक सीजी 11 बीई 2422 से रायगढ़ जा रहा था। प्रातः करीब 7.30 बजे जब वे कुनकुनी पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो अचानक सामने चल रही माजदा वाहन चालक ने ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे चल रही बाइक का नियंत्रण बिगड़ गया और वे माजदा से टकरा कर सड़क पर गिर पड़े। उसी समय सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर सीजी 04 एचडब्लू 9712 ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए प्रेमलाल साहू को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि प्रेमलाल का सिर ट्रेलर के चक्कों के नीचे आ गया और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। बिरजु यादव के पैर और सिर में चोटें आई हैं जबकि राहुल सुरक्षित है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल बिरजु यादव को उपचार हेतु खरसिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। राहुल साहू की शिकायत पर खरसिया पुलिस ने अज्ञात ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 279, 304, 337 के के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### राजस्व निरीक्षकों को पटवारी का कार्य

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने किसानोंए जिले के नागरिकों, स्कूली बच्चों आदि के जरूरी कार्यों को मद्देनजर सभी प्रभारी राजस्व निरीक्षक आरआई को निर्देशित किया है कि वे संबंधित पटवारी के कार्यालय में उपस्थित होकर जनता के कार्यों को प्रतिदिन करें। कलेक्टर ने कहा है कि सभी राजस्व निरीक्षक जिले के जनता, नागरिकों को पटवारी संबंधी नकलए नक्शाए पटवारी प्रतिवेदन जैसे कार्य तत्काल उपलब्ध कराएं।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कल

**सारंगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश और सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण पुरषोत्तम स्वर्णकार के माध्यम से आईटीआई सरिया में शिक्षित बेरोजगारों को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जाना है। इस आईटीआई सरिया में इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन एवं प्लंबर जनरल असिस्टेंट में आठवीं आवेदक को प्रशिक्षण दिया जाना है। इस कोर्स के लिए काउंसलिंग जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में 20 जून को सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया है।

31 जुलाई तक भरे जा रहे ऑनलाइन आवेदन

# नई शिक्षा नीति को लेकर विद्यार्थियों में संशय, नहीं मिल रही कई जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते सप्ताह उच्च शिक्षा विभाग ने प्रवेश मार्गदर्शिका जारी की। जिसके तहत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। किंतु इस सत्र से महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति लागू की जाएगी ऐसे में उन्हें अपने विषयों के चयन को लेकर कई तरह की जानकारियां नही मिल पा रही हैं। यही वजह है कि नई शिक्षा नीति को लेकर अब भी विद्यार्थियों में संशय बना हुआ है।

बता दें की शिक्षा संचालनालय ने सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश मार्गदर्शिका जारी कर दी है। इसके मुताबिक 16 जून से 31 जुलाई तक एसएनपी यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हों। इस सत्र से नई शिक्षा नीति लागू होने से विद्यार्थियों को अपने पसंदीदा संकाय के साथ अतिरिक्त विषय की पढ़ाई के लिए कहां दाखिला ले सकते हैंए इन सब की जानकारी कैसे मिलेगी, यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। इसे लेकर संशय भी बना हुआ है। हालांकि सभी कॉलेज में एक नोडल बनाए गए हैं। बता दें कि महाविद्यालयों में 16 जून से 31 जुलाई तक प्राचार्य स्वयं कर सकेंगे, वहीं आगामी 14 अगस्त तक कुलपति की अनुमति से दाखिला हो सकेगा। वहीं विधि संकाय के अलावा अन्य संकायों के पुनर्मूल्यांकन या पुनर्गणना में उत्तीर्ण छात्रों को उनके परिणाम घोषित होने के 15 दिन तक विश्वविद्यालय के कुलपति की अनुमति के बाद ही दाखिला मिल सकेगा। इसके साथ ही 12वीं कक्षा में पुनर्मूल्यांकन पुनर्गणना में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी रिक्त स्थान होने पर प्रवेश दिया जाएगा।




### महिलाओं को 30 फीसदी आरक्षण

निर्देश के मुताबिक संकाय की प्रत्येक शाखा में 32 फीसदी फीसदी सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित होंगी तथा 12 अनुसूचित जाति और 14 फीसदी सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित रहेंगी। इसके साथ 30 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। महिला अभ्यर्थियों के लिए अब तक आरक्षक की स्थिति स्पष्ट नहीं थी।

### बीए वाले भी कर सकेंगे एमएससी

पुरानी व्यवस्था के तहत बीए या बीकॉम का छात्र एमएससी नहीं कर सकता था। एमएससी केवल मैथ या साइंस के विद्यार्थी कर सकते थे। अब ऐसा नहीं है। यूजीसी के नए नियमों के मुताबिक बीए वाला छात्र भी चाहे तो एमएससी कर सकता है। उसे एंट्रेंस टेस्ट या पर्याप्त क्रेडिट हासिल करना होगा। यूजीसी ने दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

### किसी भी विषय में की जा सकेगी पोस्ट ग्रेजुएशन

पोस्ट ग्रेजुएशन यानी मास्टर डिग्री की पढ़ाई का पूरा पैटर्न बदल गया है। यूजीसी ने इसके लिए नया करिकुलम फ्रेमवर्क जारी कर दिया है। छात्र अब पीजी में मनपसंद विषय चुन सकते हैं। यानी ग्रेजुएशन से हटकर विषय चुनने की सुविधा मिलेगी। उन्हें मेजर या माइनर की बाध्यता नहीं होगी। अब तक माइनर विषय से पीजी करने की सुविधा नहीं थी। ग्रेजुएशन में चार साल का ऑनर्स या रिसर्च के साथ ऑनर्स प्रोग्राम किया है तो पीजी की पढ़ाई एक साल में ही खत्म की जा सकेगी। पढ़ाई के बीच कॉलेज बदलने की भी सुविधा मिलेगी। पीजी फ्रेमवर्क को नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के साथ जोड़ा जा रहा है। छात्रों को असाइनमेंट दिए जाएंगे। उन्हें क्रेडिट जमा करने होंगे। इसके लिए कॉलेज में पढ़ने वाले लगभग सभी छात्रों की एबीसी आइडी तैयार कराई गई हैए जिसमें क्रेडिट ट्रांसफर करने और उनका इस्तेमाल करने का हिसाब.किताब होगा। नेशनल हायर एजुकेशन क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क एनएचईक्यूएफ के तहत डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट के लिए जरूरी योग्यताएं तय करना होगी। पीजी प्रोग्राम के लिए लेवल 6 120 क्रेडिट 6.5, 160 क्रेडिट और 7, 160 क्रेडिट तय किए गए हैं।

# हड़ताल में सम्मिलित पटवारी के हल्के का प्रभार राजस्व निरीक्षक को




हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

जिले में कार्यरत पटवारियों के 12 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से राजस्व संबंधित समस्त काम प्रभावित हो रहे हैं। इससे आम जनता का राजस्व से संबंधित कार्य प्रभावित नहीं होए को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने हड़ताल में सम्मिलित पटवारी के हल्के का समस्त प्रभार राजस्व निरीक्षक को सौंपा है और पालन प्रतिवेदन तत्काल कार्यालय कलेक्टर भू. अभिलेख जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ कार्यालय को उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। इस आशय का पत्र कलेक्टर धर्मेश साहू ने सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम को जारी किया है। अपने पत्र में कलेक्टर श्री साहू ने राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सूचना पत्र 7 जून एवं सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसीलदारों से प्राप्त प्रतिवेदन को संदर्भ किया है। गौरतलब है कि राजस्व रिकार्ड में गड़बड़ी करने के आरोपी पटवारी को निलंबित करने के बाद पटवारी संघ कलेक्टर के विरोध में विगत एक सप्ताह से विरोध प्रदर्शन कर रहा है। संघ के द्वारा कार्रवाई को अनुचित ठहराते हुए निलंबन वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

# अब तक नहीं हुई जामपाली खदान के धर्मकांटे की मरम्मत, ट्रांसपोर्टर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में एसईसीएल की खदानों से कोयला परिवहन करने में सैकड़ों ट्रेलर लगे हैं। वाहन मालिकों का एसईसीएल से टकराव होता ही रहता है। इस बार ट्रेलर मालिक संघ ने बरौद बिजारी और जामपाली खदान में धर्मकांटा खराब होने की समस्या पर एसईसीएल को घेरा है। इनका कहना है कांटा खराब होने के कारण प्रत्येक गाड़ी में 200 से 500 किलो कोयले का शॉर्टेज जा रहा है।

बार-बार प्रबंधन से निवेदन के बाद भी सभी माइंस से सब एरिया मैनेजर अभी तक कोई हल नहीं निकाल पाए हैंए जिससे गाड़ी मालिकों को प्रतिमाह प्रति गाड़ी करीब 15 से 20 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। ट्रेलर मालिकों ने कहा है कि आगामी दस दिनों अगर एसईसीएल कांटों का सुधार नहीं करता है तो जिले की सभी खदानों से डिस्पैच बंद कर देंगे। पूरे जिले की आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। बताया जा रहा है कि डिस्पैच के समय पर्ची में जितनी मात्रा लिखी होती है, प्लांट में वजन करने पर उससे दो से पांच क्विंटल की कमी आ रही है। पूर्व में कई बार उप प्रबंधकों से धर्मकांटा दुरुस्त करने पत्र लिखा जा चुका है। उन्होंने यह सवाल भी उठाया है कि जो कोयला शॉर्टेज होता है, वह कहां जाता है।

### हर साल 13 करोड़ के कोयला का शॉर्टेज

ट्रेलर मालिक संघ ने नापतौल विभाग को भी इस समस्या के संबंध में ज्ञापन दिया है। उनका आरोप है कि प्रतिदिन 300 गाड़ियों में कोयला निकलता है। इस हिसाब से प्रतिवर्ष करीब 13 करोड़ का कोयला शॉर्टेज होता है। उन्होंने सवाल किया कि इधर प्लांट में तो कोयले की कटौती ट्रेलर मालिक के भुगतान से की जाती है, लेकिन यह कोयला कहां जाता है। शॉर्टेज की भरपाई करने के कारण कई ट्रेलरों की किश्तें नहीं भर पा रहे हैं। एसईसीएल से निकले कोयले को प्लांट तक पहुंचाने के बीच में रास्ते में भी खेल होता है। कई ढाबों पर ड्राइवर सेटिंग करके कोयले में मिलावट भी करते हैं। कोयले में शॉर्टेज का एक कारण यह भी हो सकता है। तमनार और घरघोड़ा क्षेत्र के कई ढाबा संचालक इसी काम में लगे हैं।

# बारिश और किसानी पर टीएल बैठक में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होंने आगामी बारिश के मौसम में जल जनित रोगों के रोकथाम को लेकर समुचित प्रबंध करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को देते हुए कहा कि ऐसे इलाके जहां पिछले वर्ष उल्टी, डायरिया, पीलिया जैसी बीमारियों के मामले सामने आए थे वहां इस बार विशेष सावधानी रखी जाए।

सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए दवाइयां पर्याप्त मात्रा में रखें। इसके साथ ही भराव को स्थिति न हो इसके लिए नालियों की सफाई करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में किसानों के केसीसी निर्माण की प्रगति के बारे में विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने केसीसी निर्माण में आशानुरूप प्रगति नही होने पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि कृषि विभाग के साथ पशुपालन, उद्यानिकी और मछली पालन विभाग कार्ययोजना बनाते हुए



केसीसी निर्माण में प्रोग्रेस लेकर आएं। अपेक्स बैंक के साथ अन्य बैंकों में लंबित आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करने के लिए कहा। समिति स्तर पर यदि किसानों ने आवेदन दिए हैं, तो उसे भी जल्द निराकृत करने के निर्देश उन्होंने दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अस्पताल और अन्य भवनों के निर्माण कार्य में सीजीएमएससी द्वारा देरी किए जाने पर विभाग के सब इंजीनियर पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जहां वर्क ऑर्डर जारी कर भूमि चिन्हांकित कर ली गई है वहां तत्काल काम शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का काम बिना देरी किए शुरू करने के निर्देश दिए और कहा कि लापरवाही पर कार्यवाही होगी। कलेक्टर श्री गोयल ने खनिज विभाग को अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर की गई कार्यवाही के बारे में पूछा। उन्होंने इस माह अब तक हुई कार्यवाही को नाकाफी बताते हुए फील्ड में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षाधिकारी से कहा कि शासन द्वारा स्कूलों की छुट्टियां एक हफ्ते बढ़ा दी गई हैं।

अतः शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन की तैयारियां भी नवीन तिथि के अनुसार करें। कलेक्टर श्री गोयल ने वन विभाग अंतर्गत तेंदूपत्ता खरीदी के भुगतान के बारे में जिले के दोनों वन मंडलों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संग्राहकों को भुगतान समय सीमा में हो इसका ध्यान रखें। साथ ही लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया कि इस दौरान तेंदूपत्ता संग्राहकों द्वारा बैंकों से राशि आहरण किया जाएगा। अतः कैश फ्लो की दिक्कत न हो। कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की।

# विश्वविद्यालय ने जारी की अधूरी मार्कशीट, एक विषय के नंबर गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय स्थापना के बाद से गलत कारणों से सुर्खियों में रहा है। परीक्षा परिणामों को जारी करने में तो बहुत लापरवाही की जाती रही है। इस बार तो हद ही हो गई। एक छात्र ने परीक्षा दी, लेकिन जब परिणाम आया तो एक विषय के अंक ही नहीं डाले गए। अधूरी मार्कशीट दी गई। छात्र ने पूछा तो विवि से जवाब मिला कि आंसरशीट ही नहीं मिली।

मामला सूर्यकांत गुप्ता, बीएड सेकंड ईयर 2022-23 ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर चांपा का है। यह कॉलेज शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के अंतर्गत आता है।



छात्र का रिजल्ट अभी तक रुका हुआ है। एक विषय पीडागॉजी ऑफ लेंगुएज साइंस के अंक अंकसूची में अंकित ही नहीं हैं। छात्र ने विवि में रिजल्ट जारी करने का आवेदन दिया हुआ है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इधर शिक्षक की नौकरी के लिए छात्र को अंकसूची चाहिए। इस बारे में छात्र ने यूनिवर्सिटी में जाकर भी पूछा। वहां कभी कहते हैं कि आपकी कॉपी नहीं आई। और कभी कहते हैं कि आप परीक्षा में अनुपस्थित थे। इसके जवाब में छात्र ने परीक्षा तिथि 18 अप्रैल 2023 के परीक्षा केंद्र का उपस्थिति पत्रक भी जमा किया है। रोल नंबर 681 में सूर्यकांत के दस्तखत भी हैं, लेकिन विवि में इसे नहीं माना जा रहा है। अभी तक मार्कशीट नहीं मिलने के कारण छात्र शिक्षकीय जॉब से वंचित हो रहा है। उपस्थिति पत्रक में लिखा गया है कि एक भी छात्र अनुपस्थित नहीं रहा है।

# पांच साल से शाखाओं में जमे प्रबंधकों ने बैंक को ही पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बरमकेला और सारंगढ़ की दर्जन भर समितियों में किसानों से राशि वसूली तो की गई लेकिन बैंक को जमा नहीं की गई। इसके अलावा किसानों के नाम पर बांटे गए लोन अब तक वसूल नहीं किए गए हैं।

दरअसल इन समितियों में बोगस लोन निकाला गया है, जिसकी जानकारी किसानों को भी नहीं है। चूंकि किसान लोन ही नहीं लेते हैं तो उनको पता भी नहीं चलता। लिंकिंग से लोन वसूली को रोक दिया जाता है जिसके कारण बकाया अब तक बरकरार है। इस मामले में दो बार जांच भी की जा चुकी है। सहकारिता विभाग ने दो बार जांच करके रिपोर्ट भी दी है। समितियों से बकाया वसूली के लिए बरमकेला और सारंगढ़ अपेक्स बैंक ब्रांच मैनेजरों को आठ बार नोटिस दिया जा चुका है। इसके बावजूद वसूली नहीं हो सकी है। कई जगहों पर प्रबंधक राशि गबन करने के बाद पद पर नहीं हैं। सारंगढ़ और बरमकेला में अपेक्स बैंक की शाखाएं नाम के लिए हैं। बैंक को मिलने वाली राशि की वसूली ही नहीं की गई। 2020 से कई समितियों का बकाया लंबित है। हैरानी की बात यह है कि दोनों ब्रांच मैनेजरों को करीब आठ नोटिस दिए जा चुके हैं।

### इन समितियों में है ज्यादा गबन

सारंगढ़ और बरमकेला की समितियों में लोन इनबैलेंस भी बहुत ज्यादा है। यहां बोगस लोन के मामले सबसे ज्यादा हैं। अपेक्स बैंक ने ऐसे मामलों में विधिक कार्यवाही नहीं की है। बैंक अपनी ही रकम नहीं वसूल पा रहा है। सरिया, कनकबीरा, उलखर, बरदुला, गाताडीह, छिंद, जशपुर, कोसीर, लोधिया, साल्हेओना, कछार समेत कई समितियां हैं जहां करोड़ों रुपए बकाया है।

## उत्कल समाज ने शुरू की जगन्नाथ रथोत्सव की तैयारी

# जगन्नाथ का महास्नान 22 को, 8 जुलाई से रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महाप्रभु श्रीजगन्नाथ रथोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मोतीमहल के सामने स्थित रायगढ के मुख्य ऐतिहासिक श्रीजगन्नाथ मंदिर में भगवान श्रीजगन्नाथ के रथोत्सव की तैयारियां श्रीजगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट एवं उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के द्वारा जोर शोर से चल रही है। वहीं इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए देवेश षडंगी ने बताया कि इसके भव्य आयोजन के लिए समस्त रायगढ वासियों का बढ़चढ़ कर सहयोग प्राप्त हो रहा है।

रथोत्सव के इस वर्ष केआयोजन में सर्वप्रथम 22 जून को भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का पवित्र स्नान का कार्यक्रम है। जो प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें 108 कुंभों के अभिमंत्रित पवित्र जल से 108 ब्राम्हणों द्वारा भगवान का स्नान कराया जायेगा। इस अवसर पर उड़ीसा से आने वाले विशेष



भजनकीर्तन मंडली का मनमोहक कार्यक्रम है। तत्पश्चात महाभोग होगा तथा उत्कलिका द्वारा शीतल पेय वितरित किया जाएगा एवं देवस्नान संध्या 7 बजे महाप्रभु के समक्ष परंपरानुसार ओडिसी नृत्य का भव्य कार्यक्रम है जिसमें गुरू देवेन्द्र नाथ बेहरा एवं उनके शिष्यों द्वारा नृत्यांजली की प्रस्तुति दी जाएगी। संध्या इस नृत्यांजली के पश्चात भगवान 15 दिनों के लिए अनसर या अस्वस्थता में रहेंगे।

### 8 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा

आगामी 8 जुलाई की संध्या 4 बजे यह रथ यात्रा जनमानस के पूरे हर्षोल्लास एवं उड़ीसा के विशेष घंट पार्टी के कलाकारों कीर्तन भजन नृत्य मंडली के साथ आगे अपने गंतव्य मौशी घर की ओर चांदनी चौक, सोनार पारा, गांजा चौक हटरी चौक होते हुए गायत्री मंदिर तक जायेगी जहां से भगवान को मौसी घर को लोग ले जायेंगे। मौसी घर में 8 दिन भगवान सेवा प्रसाद प्राप्त कर दशमी 15 जुलाई की संध्या 4 बजे वापस अपने मंदिर में प्रतिष्ठित किए जाएंगे।

### 6 जुलाई को खुलेगा पट

वहीं 15 दिनों के पश्चात अर्थात 6 जुलाई को भगवान के नेत्र खुलने पर मंदिर के कपाट खुलेंगे एवं इस दिन नेत्रोत्सव होगा जिसमें भगवान के नवयौवन रूप का दर्शन होगा। तत्पश्चात 7 जुलाई आषाढ शुक्लपक्ष द्वितीया को रथ यात्रा का शुभारंभ होगा। रायगढ की परंपरानुसार यहां के दो दिवसीय रथ यात्रा में 7 जुलाई को नीति अनुसार रायगढ राजपरिवार द्वारा पहंडी एवं छेरा पहरा का कार्यक्रम होगा एवं भगवान श्री जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा जी के साथ रथारुढ होंगे। इस दिन भगवान का रथ समलेश्वरी मंदिर के सामनें के मैदान पर ही रहेगा जहां उड़ीसा से आए हुए भजन एवं नृत्य कलाकरों द्वारा मनोरंजक प्रस्तुति दी जाएगी एवं इसी दिन उत्कलिका मातृशक्ति द्वारा श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में विभिन्न उड़िया व्यंजनों का आनन्द पाक मेला का आयोजन किया जाएगा।

# कूलर के करंट में फंसकर 11 वर्षीय बालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़। घर के बगल में स्थित पड़ोसी के घर में खेलने के दौरान करंट प्रवाहित कूलर के संपर्क में आने से 10 वर्षीय बालक की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक ओमकार साहू पिता सत्यनारायण साहू उम्र 10 साल विजयपुर थाना चक्रधर नगर का रहने वाला हैं। बालक के पिता ने पुलिस को बताया कि वह कैंटीन का संचालन करता है। ओमकार तीन भाई बहन में छोटा है और 5 वीं में पढ़ाई करता था। 16 जून की शाम साढ़े 4 बजे अपने पड़ोस के चाचा शेखर सिदार के घर में खेल रहा था। तभी वह खेलते खेलते करंट प्रवाहित कूलर के संपर्क में आ गया। इस घटना से वह जब तक कुछ समझ पाताए तब तक ओमकार झुलसते हुए अचेत होकर जमीन में धराशायी हो गया। इस घटना को जब घर के सदस्यों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। आनन फानन में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर गए जहां कुछ देर उपचार चलाए तत्पश्चात उसकी मृत्यु हो गई। फिलहाल अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ली है।

18- JUN-Jash-CORIYA-RAG--Bhoomi pg-2_Layout 1 6/18/2024 7:47 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### पानी की समस्या को देखते हुए जनपद सदस्य ने कराया बोर



**हरदीबाजार।** जनपद सदस्य क्रमांक 4 के सदस्य अनिल टंडन ने हरदीबाजार, सराईसिंगार, अमगांव, सुवाभोंडी -चैनपुर में पानी की समस्या को देखते हुए बोर खनन का भूमिपूजन किया। एसईसीएल दीपका के कोयला खदान, क्षेत्र का पूरा पानी अपने में समाहित कर क्षेत्र को पानी के लिऐ मोहताज बना दिया है। वहीं पानी की इस गंभीर समस्या को देखते हुए जनपद सदस्य अनिल टंडन ने बोर खनन का भूमिपूजन भांठापारा रेंकी रोड में अपने सौजन्य से कराया है। अब बोर हो जाने से स्वच्छ साफ पीने और नित्य क्रियाकलापों के लिऐ पानी मिलने लगेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पानी टेंकर के माध्यम से जो जलापूर्ति हो रही वो सही और जरूरत लोगों को नहीं हो पा रही है अधिक मात्रा में पानी की हरदीबाजार, सराईसिंगार, अमगांव दर्रा खांचा व सुवाभोंडी में पानी की गंभीर समस्या निरंतर बना हुआ है। भूमिपूजन के दौरान रामदास महंत, द्रौपदी चौहान, शारदा आर्मो, पंच कुंवर, किशोर पटेल, रंजीत महिलांगे, बसंत चौहान एवं अन्य मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर की सेमिनार



**कोरबा।** भारतीय कुश्ती संघ के अधीन भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी ने राष्ट्रीय स्तर का तकनीकी सेमिनार, 13 से 17 जून तक डीएवी स्कूल शिमला में किया। इस सेमिनार में ग्रेपलिंग की तकनीकी बारीकीयों को सिखाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक जखारोव (रूस) से आमंत्रित किया गया था। सेमिनार में देशभर से चुने हुए निर्णायक/कोच को बुलाया गया ताकि उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इस सेमिनार में प्रदेश ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था के राष्ट्रीय निर्णायक कार्तिक स्वामी मुदलियार एवं कोच राहुल डहरिया जागृति क्लब ढेलवाडीह भी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ ग्रेपलिंग-कुश्ती संस्था के अध्यक्ष उमेश साहू, सचिव के. हेमंत कुमार, विमल मानिकपुरी, सचिव जागृति क्लब एवं सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने बधाई दी।

### फंदे में युवक की मिली लाश, मर्ग कायम

**कोरबा।** बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरीपारा बस्ती निवासी नागराज बिंझवार लगभग 30 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना को अंजाम दिया है। युवक एसईसीएल रजगामार में कार्यरत था तथा वह अपने घर में अपने बहन और अपनी मां के साथ निवास करता था। युवक ने आत्महत्या क्यों की है इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### टीएलएम आधारित पुस्तक का राज्य स्तर पर विमोचन

**कोरबा।** डाइट रायपुर में राज्यभर के शिक्षकों का टीएमएल पर आधारित पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों डॉ एम सुधीश सर सहायक संचालक समग्र शिक्षा, बीएल देवांगन प्राचार्य रायपुर डाइट के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। राज्य के कुछ चुनिंदा स्कूलों के शिक्षकों ने अपने संस्था में बच्चों को टीएलएम आधारित पुस्तक से शिक्षा दे रहे हैं। कुछ टीएलएम का वीडियो लिंक के साथ टीएलएम की फ़ोटो, किस कक्षा व किस एलओएस पर काम करेगा, बनाने की विधि, लागत, गतिविधि कैसे करें? पर अपनी बातों को लिखित स्वरूप दिया है। यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है। इस पुस्तक का उपयोग 1ली से 8 वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं। इस पुस्तक में हिन्दी, गणित, पर्यावरण, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों का समावेश किया गया है। पुस्तक विमोचन पर डाइट प्राचार्य ने कहा कि आप सभी ने शिक्षा में बदलाव हेतु एक अभिनव प्रयास की शुरुआत की है इससे राज्य के सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे।

### कलेक्टर ने खेल सुविधाओं के उन्नयन हेतु किया निर्देशित

**कोरबा।** ट्रांसपोर्ट नगर के प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम पहुंचकर कलेक्टर ने परिसर मे डीएमएफ से स्वीकृत अतिरिक्त निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने परिसर में खेल सुविधाओं का उन्नयन करने हेतु कार्ययोजना बनाने की बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों के आवासीय परिसर में उपलब्ध सुविधाओं, हॉस्टल, स्विमिंग पूल, टेनिस कोर्ट आदि का निरीक्षण करते हुए खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

रिवर व्यू गार्डन में वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी शुरू करने दिए निर्देशित

# कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में डीएमएफ के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने आज कोरबा नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डीएमएफ मद से किए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने नगरीय क्षेत्र विवेकानंद शैक्षणिक परिसर, ई-लाइब्रेरी, इंदिरा स्टेडियम परिसर, अशोक वाटिका, दर्री के रिवर व्यू गार्डन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों का अवलोकन कर प्रगतिरत अपूर्ण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

रिसदी के समीप निर्मित विवेकानंद शैक्षणिक परिसर के सभी हॉल, दुकानों का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने पूरे परिसर का निरीक्षण किया एवं निर्माण कार्य के संबंध में पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा की एक ही छत के नीचे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां संचालित करने के लिए यह परिसर तैयार किया गया है। इसके संचालन से नगरवासियों को काफी लाभ मिलेगा। इस हेतु परिसर में जल्द से जल्द कोचिंग एवं दुकानों के संचालन हेतु निगमायुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने डिंगापुर स्थित ई-



स्टेडियम परिसर का अवलोकन करते कलेक्टर व प्रशासनिक अधिकारी।

लाइब्रेरी भवन का निरीक्षण करते हुए रीडिंग रूम, पुस्तकालय कक्ष, सभा कक्ष, श्रव्य दृश्य कक्ष, समूह चर्चा कक्ष आदि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से लाइब्रेरी में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही उनके एकाग्र अध्ययन हेतु सुविधाजनक वातावरण के विकास हेतु जरूरतों के संबंध में विस्तृत चर्चा भी की। दर्री के रिवर व्यू गार्डन में डीएमएफ अंतर्गत किए गए कार्यो का अवलोकन करते हुए कलेक्टर ने शहर की आवश्यकता एवं मांग को ध्यान में रखते हुए भविष्य में शहर के अंदर टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु रिवर व्यू गार्डन को पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने की बात कही। उन्होंने निगमायुक्त को रिवर व्यू गार्डन में वोटिंग सहित अन्य वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी प्रारंभ करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# कलेक्ट्रेट में महिला उत्पीड़न को लेकर लगेगी शिकायत पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कार्य के दौरान सरकारी दफ्तरों में महिला उत्पीड़न के होने वाले मामलों को लेकर शिकायत पेटी लगाई जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में ही पेटी लगाने के निर्देश राज्य महिला आयोग के द्वारा पूर्व में जारी किया गया है जिसपर अमल हो रहा

**खास बात**

- राज्य महिला आयोग के निर्देश पर होगा अमल

है। कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित कार्यालयों के अलावा शहर के अन्य स्थानों में चलने वाले दफ्तरों में भी शिकायत पेटी लगाने की तैयारी की जा रही है।

राज्य महिला आयोग ने प्रदेशभर में सरकारी दफ्तरों में कार्य के दौरान महिलाओं को होने वाली परेशानियों एवं अन्य समस्याओं को लेकर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरण मयी नायक ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान इस बात की जानकारी दी थी कि आयोग ने सरकारी दफ्तरों में महिला उत्पीड़न के प्रकरणों को गंभीरता से लेकर प्रत्येक कलेक्ट्रेट में शिकायत पेटी लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत कोरबा जिले में भी सरकारी दफ्तरों में शिकायत पेटी लगाए जाने की तैयारी हुई थी किंतु कुछ कारणों की वजह से सभी कार्यालयों में इसका अमल नहीं हो सका था। वहीं विधानसभा और लोकसभा चुनाव की वजह से कई सरकारी काम बंद हो गए थे। कलेक्ट्रेट के हर दफ्तरों में कामकाज शुरु होने के साथ अब शासन प्रशासन के उन निर्देशों पर भी अमल हो रहा है जो रुक हुए थे। महिला शिकायत पेटी अब अनिवार्य रुप से कलेक्ट्रेट एवं अन्य सरकारी दफ्तरों में लगाई जाएगी।




फाइल फोटो

**बढ़ रही महिला कर्मचारियों की संख्या**

कलेक्ट्रेट के सरकारी दफ्तरों में पिछले कुछ वर्षों से महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ी है। जिनकी सुरक्षा को लेकर शासन प्रशासन गंभीर है। विधानसभा चुनाव के दौरान महिला कर्मचारियों की अत्याधिक संख्या की वजह से एक पूरे विधानसभा को ही महिला कर्मचारियों के हवाले कर दिया गया था। जिला प्रशासन के हर विभाग में महिला कर्मचारी पदस्थ हैं। जिसको लेकर राज्य महिला आयोग के अपने अलग निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# हादसों को रोकने के लिए सड़क के दोनों ओर लगाया जा रहा रेडियम रिफ्लेक्टर टेप



रेडियम रिफलेक्टर लगाते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी. एस. चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक कटघोरा श्रीमती नेहा वर्मा और एसडीओपी पंकज ठाकुर के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा व पाली थाना स्टाफ द्वारा नेशनल हाइवे एवं पाली दीपका रोड में विशेष अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व सड़क दुर्घटना रोकने हेतु सड़क के दोनों ओर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाया जा रहा है। पिछले एक सप्ताह में आधा दर्जन सड़क दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चली गई है उस क्षेत्र के पेड़ एवं मोड़, पुल वाले स्थल में रेडियम टेप लगाया गया ताकि जितने भी वाहन चालक हैं खतरों से आगाह हो सके। इसके साथ ही रात्रि में दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क के दोनों ओर रेडियम टेप लगाया गया। जिससे वाहन चलते समय चालकों को सड़क की चौड़ाई का अंदाजा लगाने में आसानी हो और दुर्घटाओं से बचा जा सके। इस मुहिम के दौरान पाली पुलिस द्वारा बस, आटो व ट्रेलर वाहन संचालकों से यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी गई। साथ ही गलत तरीके से वाहन चलने वालो चालको के लिए चेतावनी भी दी है कि शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ में लगातार कार्रवाई की जा रही है। शराब पीकर गाड़ी चलाना वालों को नहीं बख्शा जाएगा।

# कीटनाशक का छिड़काव, पेयजल की गुणवत्ता रहे सुनिश्चित : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वर्षा ऋतु का आगमन हो चुका है, अतः इसे देखते हुए जलजनित व कीटजनित बीमारियों से बचाव हेतु त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें, नालियों आदि में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव व पाईप लाईनो के माध्यम से आपूर्ति किए

**खास बात**

- जल जनित व कीटजनित बीमारियों से बचाव के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, अन्य पेयजल स्त्रोतों की शुद्धता की भी आवश्यकता अनुसार जांच कराएं तथा दूषित पानी पाए जाने पर तत्काल उसे उपचारित कर जल का शुद्धिकरण कराएं।

उक्त बातें आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान संक्रामक व जलजनित बीमारियों जैसे पीलिया, डायरिया, डिसेंटरी, डेंगू, मलेरिया, आदि की संभावनाएं बनी रहती है, इन बीमारियों से बचाव व सुरक्षा हेतु अभी से ही एहतियाती कदम उठाएं तथा आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने निगम के स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि नालियों व अन्य जल ठहरने वाले स्थलों पर लगातार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित करें, सफाई कार्यो व स्वच्छता पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा है कि जल प्रदाय हेतु स्थापित पानी टंकियों की सफाई, पाईप लाईनों में यदि लिकेज या टूट-फूट होता है तो तत्काल सुधार कार्य, सार्वजनिक नल व हैंण्डपम्पों की सफाई, हैंण्डपम्पों के जल को कीटाणु रहित करने ब्लीचिंग पाउडर आदि का उपयोग आदि की कार्यवाही कराएं। साथ ही वर्षा ऋतु के दौरान कीटजनित बीमारियों की संभावना बनी रहती है, अतः मच्छरों आदि को पनपने व उनको बढ़ने से रोकने के लिए लगातार वार्ड, बस्तियों व आवासीय क्षेत्रों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव जारी रखें, लोगों के घरों में रखें हुए कूलरों का पानी प्रतिदिन बदला जाए, इस दिशा में लोगों को लगातार जागरूक करें, उन्हें समझाईश दें कि वे कूलर का पानी प्रतिदिन बदले, साथ ही उनके घर या आसपास में रखी हुई अपशिष्ट सामग्रियों में पानी का जमाव न होने पाएं, इस हेतु सजग रहें।



दवा का छिड़काव करते निगम कर्मी।

**कीटनाशक दवाओं का छिड़काव जारी**

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि आयुक्त के निर्देशानुसार वार्डवार रोस्टर तैयार कर नालियों, जलस्त्रोतों के आसपास तथा अन्य आवश्यक स्थलों पर निगम द्वारा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव प्रारंभ कर दिया गया है ताकि मच्छरों आदि के पनपने व उनको बढ़ने से रोका जा सके। उन्होने बताया कि निगम के स्वच्छता विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस दिशा में लोगों को निरंतर जागरूक भी किया जा रहा है।

**आयुक्त ने की आमजन से अपील**

आयुक्त सुश्री ममगाई ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि जलजनित बीमारियों जैसे पीलिया डायरिया, डिसेंटरी व कीटजनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव व सुरक्षा हेतु आवश्यक सावधानी बरतें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें, घरों में मच्छरों को न पनपने दें, कूलर, छत व घर के आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर पानी की टंकी, खाली टायर, फूलदान, छत में रूका बरसाती पानी सहित अन्य अपशिष्ट वस्तुओं में रूका हुआ बरसाती पानी नियमित रूप से खाली कराएं ताकि मच्छरों के पैदा होने व उनके पनपने का अवसर न मिले, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली, परदें लगाएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरनाशक दवाओं का छिड़काव कराएं।

# चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय हाई स्कूल ढिटोरी, करतला में ब्लॉक स्तरीय एफएलएन का चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रथम चरण के इस प्रशिक्षण के लिए करतला ब्लॉक में तीन जोन बनाए गए हैं। जोन एक में करतला, दो में बरपाली और तीन में बिटोरी है। तीसरे जोन के प्रभारी प्राचार्य कृष्णमुरारी व मेंटर यादव एसआरजी श्रद्धा शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण में भागवत जायसवाल सीएसी सुखरीकला, शान्ति लाल कश्यप सहायक शिक्षक प्राइमरी स्कूल, ठाकुरदिया पारा खरवानी, बसंत कुमार मिरी सीएसी खरवानी और सहयोगी तेजराम चंद्रा सहायक शिक्षक प्राइमरी स्कूल द्वारीपारा ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में भाषा और गणित के शिक्षक संगदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका और पाठ्यपुस्तक के साथ अलाइमेंट करते हुए चार



ब्लॉक मॉडल पर के बारे में बताया गया। साथ ही एनईपी, एनसीएफ, एफएसई जादुई पिटारा, नवाजतन, स्कूल रेडिनेस और बालवाड़ी आदि प्रशिक्षण में शामिल रहा। प्रशिक्षण में 11 संकुल, जिसमें विटोरी, खरवानी, सोहागपुर, सुखरीकला, फरसवानी, चिचोली, कोथारी, बीरतराई, कराइतारा, पठियापाली और उमरेली के सभी बीआरजी शिक्षक प्रशिक्षार्थियों ने चार दिनों तक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डाइट के डाइट प्रशिक्षण प्रभारी किरण लता शर्मा और ज्योति श्रीवास ने निरीक्षण किया।

### नाले के किनारे युवक की मिली थी लाश, हुई पहचान

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दरगानाला के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था उसकी पहचान बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लेपरा निवासी पवन सारथी 20 वर्ष के रुप में की गई है। बताया जाता है कि वह पिछले 5 महीने से बोर गाड़ी में काम करता था और वह दरगानाला में कैसे पहुंचा यह परिजनों को भी समझ नहीं आ रहा है। संभावना जताई जा रही है कि पवन की हत्या कर नाले में लाश को ठिकाने लगाया गया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# पिता को टांगी से उतारा मौत के घाट, भाग रहा था केरल, गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक कलयुगी पुत्र ने अपने पिता की कुल्हाड़ी के पासे से हमला कर मौत के घाट उतार दिया और पुलिस को चकमा देकर केरल भागने की तैयारी कर रहा था लेकिन पुलिस की सूझ बूझ काम आयी और पुलिस ने उसे भागने से पहले ही धरदबोचा।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदरो निवासी अशोक केंवट ने अपने पिता दिलचंद केंवट को टांगी के पासा से मारकर हत्या कर दिया।

**चार भाइयों में बीच का है अशोक**

जानकारी के अनुसार मृतक दिलचंद केवट बालको संयंत्र में एक कंपनी में काम करता था और उसका बड़ा पुत्र संतोष केवट अपने परिवार के साथ उसी गांव में निवास करता था जबकि अशोक और दिलचंद एक साथ ही निवास करते थे जबकि एक पुत्र की मौत हो चुकी है जबकि एक और छोटा पुत्र केरल में ही निवास करता था।

**शादी के लिए बना रहा था दबाव**

बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान जो बात सामने आयी है उसके मुताबिक आरोपी अशोक केवट जो काम के सिलसिले से अक्सर केरल जाया करता था जो पिछले कुछ महीनो से अपने घर दोनों में ही अपने पिता के साथ निवास कर रहा था। बताया जाता है कि दिलचंद अपने पुत्र अशोक के साथ ही निवास करता था और बताया जाता है कि अशोक केवट लगातार अपने पिता से शादी के लिए दबाव बना रहा था कि उसकी जल्दी से जल्दी शादी करा दी जाए। बताया जाता है कि वारदात के दिन भी इसी बात को लेकर पिता पुत्र में विवाद हुआ था जिसके बाद अशोक केवट ने अपने पिता दिलचंद केवट पर टांगी के पासे से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया।

# कुर्बानी के जज्बे के साथ ईद उल अजहा की नमाज की गई अदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को अकीदत के साथ बकरीद मनाई गई। सुबह लोगों ने मस्जिद और ईदगाहों में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद घरों में त्याग और बलिदान की भावना के साथ बकरों की कुर्बानी दी गई। मुस्लिम धर्म गुरुओं ने बताया कि कुर्बानी अल्लाह को बहुत प्यारी है। कुर्बानी के गोश्त का तीन हिस्सा कर एक हिस्सा गरीबों को सदका किया जाता है। दूसरा हिस्सा दोस्त, रिश्तेदारों, पड़ोसियों को और तीसरा हिस्सा खुद इस्तेमाल किया जाता है।

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक धूमधाम से बकरीद त्यौहार मनाया गया। मस्जिदों में नमाज पढने के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दीं। मुस्लिम बंधुओं ने मुल्क की खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी। कुर्बानी कबूल करने के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान में फातिहा भी पढने पहुंचे। यहां



नमाज अदा करते समाज के सदस्य।

अपने मरहुमों के हक में दुआ मांगी गई।इस दौरान सभी से अमन और भाईचारा कायम रखने की अपील की गई। पर्व पर जरूरतमंदों का ख्याल रखा जाता है। नमाज के बाद पैगंबर हजरत इब्राहिम और पैगंबर हजरत इस्माइल की असीम कुर्बानी को याद करते हुए बकरा की कुर्बानी दी गई। कुर्बानी पर्व बकरीद पैगंबर हजरत इब्राहिम व पैगंबर हजरत इस्माइल की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है।कोरबा में स्थित इबादतगाहों पर ईद-उल-अजहा की नमाज तय वक्त में अदा की गई।

### बैंक जाने के नाम पर निकली विवाहिता मासूम के साथ लापता

**कोरबा।** अपने 4 वर्षीय मासूम बच्चे के साथ बैंक जाने के नाम पर निकली विवाहिता महिला लापता हो गई है परिजनों ने इसकी गुमशुदगी की सूचना पाली थाने दर्ज करा दिया है। पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिल्ली निवासी भानु प्रताप यादव की पत्नी श्रीमती बबीता यादव 38 वर्ष 12 जून की सुबह 10 बजे अपने 4 वर्षीय पुत्र लक्ष्य प्रताप यादव को साथ लेकर यूनियन बैंक पोड़ी जाने के नाम पर घर से निकली है। उसके बाद उसका कोई पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर रिश्ते नाते में खोज खबर की लेकिन कोई पता नहीं चल पाया है। पति भानु ने पाली थाने में इसकी लिखित सूचना दर्ज करा दी है।

18- JUN-Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/18/2024 7:49 PM Page 1





# ‘कनप्पा’ के टीजर में अक्षय और प्रभास को देख फैंस हुए क्रेजी...

**मुंबई।** हाल ही फिल्म ‘कनप्पा’ का टीजर रिलीज किया गया, जिसने फैंस के बीच खलबली मचा दी है। इस फिल्म में एक-दो बल्कि कई बड़े स्टार्स हैं, जिनकी झलक देख फैंस क्रेजी हो गए। अक्षय कुमार और प्रभास भी ‘कनप्पा’ का हिस्सा हैं और उन्हें टीजर में देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लेकिन ‘कनप्पा’ के टीजर में प्रभास और अक्षय कुमार दोनों को ही पहचान पाना मुश्किल है। कनप्पा में विशाल मंचू लीड रोल में हैं और वह भगवान शिव के भक्त बने हैं। टीजर में उनका लुक एकदम हैरान कर देने वाला है। वहीं अक्ख्य कुमार और प्रभास के माथे व आंखों वाले हिस्से को टीजर में दिखाया गया है। ‘कनप्पा’ के टीजर में वायुलिंगम को चुराने के प्रयासों की कहानी बताई गई है।

लाइफ Style



# कियारा
## एटीट्यूड को लेकर वीडियो वायरल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेसेज में से एक हैं। एक्ट्रेस को आखिरी बार फिल्म कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म सत्यप्रेम की कथा में देखा गया था। जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। दर्शकों ने इस फिल्म को काफी पसंद किया था।

अब वह साउथ के सुपरस्टार राम चरण के साथ नजर आने वाली हैं, लेकिन फिल्म से पहले एक्ट्रेस को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें कहा जा रहा है कि कियारा एक एटीट्यूड एक्ट्रेस है। आइए जाने क्या है ये पूरा मामला। कियारा आडवाणी अकसर फ्लाइट में ट्रेवल करती रहती हैं। इस दौरान वह कई क्रू मेंबर्स से भी मिलती हैं। वहीं अब एक एयर होस्टेस का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कियारा को एटीट्यूड वाली एक्ट्रेस बता रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक यूट्यूब चैनल के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में एक केबिन क्रू ने खुलासा किया कि उनका और उनके सहयोगियों का एक्ट्रेस कियारा के साथ अच्छा अनुभव नहीं था। वह ‘बहुत अधिक एटीट्यूड रखती हैं’।

सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है, जिसमें क्रू मेंबर बोलती नजर आ रही है कि, जब मेरे साथियों ने कियारा को काजू और बादाम दिए तो उन्होंने बहुत ही बेरहमी से इनकार कर दिया और उनसे अपने असिस्टेंट को बुलाने के लिए कहा ताकि वो उन्हें काजू दे सकें। इस इंटरव्यू में केबिन क्रू मेंबर ने कहा कि जान्हवी कपूर और अनन्या पांडे बहुत अच्छी हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# ‘हाउस ऑफ...’ सीजन-2 रिलीज...

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर सीरीज ‘हाउस ऑफ द ड्रैगन’ सीजन 2 का प्रीमियर रविवार से शुरू हो गया। इस सीजन में हाउस ऑफ ड्रैगन्स के दूसरे सीजन के साथ ही ड्रैगन्स की कहानी फिर से शुरू होगी। दरअसल, दो साल के अंतराल के बाद एचबीओ की एमी-नॉमिनेटेड ओरिजिनल सीरीज हाउस ऑफ द ड्रैगन अपने दूसरे सीजन के लिए दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए वापस आ गई है। दूसरे सीजन का पहला एपिसोड रविवार को रिलीज किया गया।




# कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते

**लॉस एंजिलिस।** सलमा हायेक की खूबसूरती की दुनिया मुरीद है। मेक्सकिो में पैदा हुई अमेरिकी एक्ट्रेस ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है। 57 साल की सलमा ने इंस्टाग्राम पर स्वमिसूट में अपनी नई तस्वीर शेयर की है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने लगभग दो दशक पहले के थ्रोबैक शूट की भी फोटो डाली है, जिसके बाद उनके ‘तब और अब’ का जिक्र किया है। सलमान ने लिखा है कि ‘कुछ पोज कभी पुराने नहीं होते।’ अब उनकी इन तस्वीरों को देख दीवाने हुए जा रहे हैं। सलमा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में जो पहली फोटो शेयर की है, वह ‘एच एंड एम’ ब्रांड कैंपेन की 1999 की तस्वीर है। इसमें वह भूरे रंग की बिकनी सेट में नजर आ रही हैं।



# सोनाक्षी की वेडिंग में नहीं आएंगे पिता

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। सोशल मीडिया पर लीक हुए एक वीडियो के मुताबिक शादी के फंक्शन्स मुंबई में होंगे और परिवार ने इसके लिए 23 जून की तारीख मुकम्मल की है। फिल्ममेकर और सीबीएफसी के पूर्व चेयरमैन पहलाज निहलानी सिन्हा परिवार के क्लोज हैं और उन्होंने कन्फर्म किया है कि वो इस इवेंट का हिस्सा बनेंगे। पहलाज निहलानी ने उन अफवाहों का भी खंडन किया जिनमें बताया जा रहा है कि सोनाक्षी सिन्हा के पिता शत्रुघ्न सिन्हा उनकी बेटी की जहीर इकबाल के साथ शादी का हिस्सा नहीं बनेंगे। खुद को सोनाक्षी सिन्हा का ‘मामा’ कहने वाले प्रोड्यूसर पहलाज निहलानी ने बातचीत में कहा कि उनकी मौजूदगी के बिना शादी होगी ही नहीं।



# ‘बॉर्डर-2’ नहीं, ‘सूर्या’ की करेंगे शूटिंग

**मुंबई।** सनी देओल ने साल 2023 में ‘गदर 2’ से जबरदस्त कमबैक किया। इस फिल्म ने देश में 525.7 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, जबकि वर्ल्डवाइड 686 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। सीक्वल फिल्म की सफलता को देखकर अब जहां सनी की ‘बॉर्डर 2’ की रिलीज की चर्चा जोर-शोर से हो रही है, वहीं खबर है कि इस फिल्म से पहले वह अपनी क्राइम-थ्रलिर ‘सूर्या’ की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। बीते गुरुवार को ‘बॉर्डर 2’ की रिलीज डेट का ऐलान हुआ है और यह फिल्म 2026 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होनी है। जबकि नई रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल 2022 में शुरू हुई अपनी फिल्म ‘सूर्या’ को पहले पूरा करने में जुट गए हैं। सनी देओल के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। उनके खाते में ‘लाहौर 1947’ भी है।

## टीवी मसाला



# ‘द ग्रेट इंडियन...’ नहीं करना होगा लंबा इंतजार

**मुंबई।** टीवी पर कई साल तक दर्शकों को एंटरटेन करने के बाद फेमस कॉमेडियन कपिल शर्मा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर नजर आ रहे हैं। उनका नया शो ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ को मिला-जुला रिएक्शन मिला है। इस शो में अब तक रणबीर कपूर से लेकर बॉबी देओल, आमिर खान और विक्की कौशल जैसे सितारे नजर आ चुके हैं। अब चूंकि शो का पहला सीजन खत्म होने की कगार पर है, ऐसे में इसके दूसरे सीजन को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। कपिल शर्मा ने ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ के दूसरे सीजन को लेकर कहा, ‘ये ‘द ग्रेट इंडियन कपिल शो’ का पहला सीजन शानदार रहा है। इसमें कई चीजें पहली बार हुई हैं और हम उन्हें हमेशा याद रखेंगे। हम दुनियाभर से मिल रहे प्यार के लिए शुक्रगुजार हैं। इस शो के लिए नेटफ्लिक्स के साथ काम करना काफी तसल्ली भरा अनुभव रहा और इसी के साथ हम वादा करते हैं कि हम अपने दर्शकों को अगले सीजन के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करवाएंगे।’

## दीपिका कर सकती हैं टीवी पर वापसी



**मुंबई।** ‘ससुराल सिमर का’ से फेमस एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ पर्दे से लंबे समय से गायब हैं। उन्होंने को-एक्टर शोएब इब्राहिम से शादी की। हालांकि उसके बाद काम किया लेकिन बाद में घर बैठ गईं और अपना यूट्यूब चैनल शुरू कर दिया। शोएब तो इंडस्ट्री में काम करते रहे लेकिन दीपिका ने सब बंद कर दिया। लेकिन लोग हमेशा यही पूछते कि वह पर्दे पर कब वापसी कर रही हैं, जिसका जवाब अब शोएब ने दिया है। हाल ही में इंस्टाग्राम पर सवाल-जवाब वाले सेशन में शोएब इब्राहिम ने अपने चाहने वालों की जिज्ञासाओं को शांत किया है। एक यूजर ने उनसे ये सवाल किया, ‘दीपिका मैम क्यों टीवी इंडस्ट्री में वापस नहीं आ रही हैं?’ इस पर शोएब ने नहीं, बल्कि दीपिका कक्कड़ ने खुद ही जवाब दिया। साथ ही चुटकी भी ली। दीपिका ने कहा, ‘सिर्फ इसलिए क्योंकि इस वक्त मेरा मन नहीं है। इसका कोई कारण नहीं है। लाइफ में हर स्टेज पर आप कोई चीज तय करते हो और मेरी तरफ से मेरा पूरा फोकस और कमिटमेंट जहां है वो रूहान की तरफ है।’

# इंटरनेट पर छाया कैरविना का गाना ‘ब्रोकन ‘ट्रीहाउस’



**मुंबई।** ‘गदर’ जैसी फिल्म देने वाले निर्देशक अनिल शर्मा को भला कौन नहीं जानता। इस फिल्म में जीत का रोल अदा करने वाले उनके बेटे उत्कर्ष शर्मा के फैंस की भी कमी नहीं। लेकिन, आज हम आपको अनिल शर्मा की बिटिया कैरविना से मिलवा रहे हैं। प्रतिभा के मामले में वे भी अपने पिता और भाई से कम नहीं हैं। कैरविना संगीत की दुनिया में जादू रच रही हैं। उनका गाना ‘ब्रोकन ट्रीहाउस’ रिलीज हो चुका है और इंटरनेट पर धूम मचा रहा है। कैरविना शर्मा का गाना ‘ब्रोकन ट्रीहाउस’ रविवार 16 जून को फादर्स डे के अवसर पर रिलीज हुआ है। इस गाने को कैरविना ने लिखा है। इसे कंपोज भी उन्होंने ही किया है और यह गाना फिल्माया भी कैरविना पर ही गया है। उनके भाई और अभिनेता उत्कर्ष इसमें मददगार बने हैं। गाने की एडिटिंग का जिम्मा उत्कर्ष ने संभाला है।

## उर्वशी और रवि किशन की ‘जेएनयू’ का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म ‘जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी’ को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। रश्मि देसाई, विजय राज, पीयूष मिश्रा, सोनाली




सैगल, अतुल पांडे और कुंज आनंद जैसे सितारे भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने ‘जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी’ का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें उर्वशी समेत तमाम सितारों की झलक दिख रही है। ‘जेएनयू : जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी’ के ट्रेलर में छात्रों को कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए देखा जा सकता है।

# शेयर कीं ग्लैमरस फोटोज



**मुंबई।** क्यूट एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो मिलान में वेकेशन एंजॉय करती नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे मिलान में नाइट पार्टी करती नजर आ रहीं हैं, यहां देखें फोटोज। इन तस्वीरों में अनन्या पांडे बेहद ग्लैमरस लुक में नजर आ रहीं हैं, जिन पर फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है। फोटोज में अनन्या पांडे बेज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में काफी सिजलिंग लुक में नजर आ रहीं हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए अनन्या पांडे ने इन्हें कैप्शन दिया - रात में मिलान और कुछ सिंबल्स भी शेयर किए।

## फिट से हिट का फार्मूला

# फिल्मों के लिए स्टार्स ने किया गजब का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन...

*मुंबई। कार्तिक आर्यन की फिल्म ‘चंदू चैंपियन’ सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने फिल्म के लिए 18 किलो वजन कम किया। इसके लिए कार्तिक आर्यन ने चीनी खाना तक छोड़ दिया था। आइए जानते हैं उन एक्टर्स के बारे में जिन्होंने फिल्मों के लिए हैरान करने वाला बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया है।*



**फरहान अख्तर :** साल 2013 में आई फिल्म ‘भाग मिल्खा भाग’ के लिए फरहान अख्तर ने एथलीट जैसी बॉडी बनाने के लिए तगड़ी मेहनत की थी। उन्होंने इस फिल्म के लिए पहले वेट को बढ़ाया था। उसके बाद, उन्होंने फिल्म में 15 किलो तक वजन घटाया था।



**विद्या बालन :** विद्या बालन ने अपनी फिल्म द डर्टी पिक्चर के लिए 12 किलो वजन बढ़ाया था। ‘द डर्टी पिक्चर’ में साउथ की मशहूर एक्ट्रेस सिल्क स्मिता की कहानी दिखाई थी।



**करीना कपूर:** साल 2008 में फिल्म ‘टशन’ आई थी। इस फिल्म के लिए करीना कपूर ने लगभग 20 किलो वजन घटाया था। इस फिल्म के बाद ‘जीरो फिगर’ टर्म चर्चा में आया था।



**भूमि पेडनेकर :** साल 2015 में आई फिल्म ‘दम लगा के हईशा’ के लिए भूमी पेडनेकर ने अपना वजन बढ़ाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के लिए उन्होंने 27 किलो वजन बढ़ाया था। फिल्म में उनका वजन 92 किलोग्राम था।



**आमिर खान :** आमिर खान की फिल्म ‘दंगल’ को दर्शकों से बहुत प्यार मिला था। इस फिल्म के लिए पहले आमिर खान ने 25 किलो वजन बढ़ाया था। वहीं, बाद में फिल्म में कुछ हिस्सों के लिए उन्होंने अपना वजन घटाया था।



**रणदीप हुड्डा :** रणदीप हुड्डा ने फिल्म ‘वीर सावरकर’ के लिए एक्सट्रीम बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया था। इस फिल्म से पहले रणदीप ने ‘सरबजीत’ फिल्म के लिए एक्सट्रीम वेट लॉस किया था। उन्होंने फिल्म के लिए 28 दिनों में 18 किलो वजन कम किया था।

# अल्लू की ‘पुष्पा 2’ की रिलीज टली...



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन साल 2021 में आई ‘पुष्पाः द राइज’ की दूसरी किस्त ‘पुष्पाः द रूल’ को लेकर सुर्खियां में हैं। ‘पुष्पा’ ने दर्शकों को इस कदर दीवाना बनाया था कि उन्हें ‘पुष्पा 2’ का बेसब्री से इतंजार हैं। यह फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, पिछले दिनों से चर्चा है कि इसकी रिलीज को टाला गया है। अब सूत्रों ने इस खबर की पुष्टि करते हुए ‘पुष्पा 2’ की नई रिलीज तारीख का भी खुलासा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, ‘पुष्पा 2’ अब 15 अगस्त, 2024 को रिलीज नहीं होगी। वह बोले, ‘पुष्पा 2’ में देरी के बारे में चर्चा कुछ समय से चल रही है, क्योंकि निर्माता इसे स्वतंत्रता दिवस 2024 तक पूरा करने की कोशिश में लगे थे। हालांकि, कल उन्होंने आखिरकार रिलीज टालने का फैसला किया है और नई तारीख की आधिकारिक घोषणा एक-दो दिन में होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** शहर में गस्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को सार्वजनिक स्थल पर धारदार हथियार लहराते हुए गिरफ्तार किया। वहीं हथियार भी जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 16 जून को पेट्रोलिंग के दौरान गस्त दल का पता चला कि चौहान पारा में आशु साहनी नाम का व्यक्ति अपने हाथ में एक लोहे का धारदार कत्ता लेकर आम रास्ता चौहान पारा मुख्य मार्ग में लहरा रहा है और आने जाने वालों को डरा रहा है तथा मारने की धमकी दे रहा है। समझाने पर नही मान रहा और मारने के लिए दौड़ा रहा है। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम आशु साहनी पिता किशोर साहनी उम्र 27 साल साकिन चौहान पारा बताया।

### गायत्री जयंती पर अखंड मंत्र जाप

**पुसौर।** पुसौर में 1991 से स्थापित गायत्री शक्ति पीठ में लोगों को धर्म कर्म से जोड़कर शांति और सहृदयता स्थापित करने नये नये धार्मिक आयोजन किए जाते रहे हैं। वर्ष 2024 के बीते गायत्री जयंती के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अष्ट प्रहर अखंड गायत्री मंत्र जाप का बीडा उठाया और उसके लिये 24 घंटे के लिए मंत्र जाप करने वाले साधकों के लिए पुसौर के सोषल मिडिया में समय लिया गया जिसमें स्वस्फुर्त ही लोग अपने अपने समय में आए और निर्धारित समय में गायत्री मंत्र का जाप किया और इस प्रकार 51 हजार से अधिक गायत्री मंत्र जाप होने का तथ्य सामने आया है। जानकारी के मुताबिक शासकीय शिक्षक विवेक भूषण गुप्ता और घासीराम महाणा द्वारा एक संकल्प के साथ मंत्र जाप का शुभारंभ हुआ इसके बाद साधक अपने अपने समय में आकर जाप करने लगे वहीं जाप की कडी सुरक्षित बनाये रखने के लिये किसलय किशोर श्रीवास्तव और उनके साथी गण तैयार रहे। दुसरे दिन ठीक सुबह 5 बजे हवन के साथ अखंड गायत्री मंत्र जाप की पुर्णाहुति की गई।

### स्थापना दिवस पर काव्य संग्रह का विमोचन

**छाल।** भरत साहित्य मंडल रायगढ़ के स्थापना दिवस पर ग्राम लोहर सिंह रायगढ़ में काव्य पुस्तक साहित्य अनुराग का साझा संकलन तृत्य अंक का विमोचन सभी के अनुरोध पर भरत साहित्य मंडल के संस्थापक भरत नायक के हाथों संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय लेखक डॉ वासु देव यादव थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्य क्रम की अध्यक्षता कर रहे राम कुमार पटेल एवम आनंद त्रिवेदी ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा की उसके पश्चात भरत नायक एवम उनका पुरा परिवार तथा मुख्य अतिथि डॉ वासु देव यादव, कवि गण निर्भय राम गुप्ता, नेत राम राठिया, गुलाब कंवर विशेषर ध्रुव शांतनु साय, बनवारी लाल देवांगन, ज्योत्सना कन्नोजे पटेल, त्रिवेदी, एवं अन्य श्रोताओं ने सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना की नेत राम राठिया के मंच संचालन में कार्य क्रम में आए सभी कवियों ने अपने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

## निधन

### भागीरथी बेन



**रायगढ़।** शहर के दरोगापारा गुजराती मोहल्ला निवासी 86 वर्षीय भागीरथी बेन वालामजी सावरिया का 17 जून को निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी। भागीरथी बेन के निधन से कांग्रेस में शोक की लहर व्याप्त है। वे अरविंद, गिरीश, अलका तथा भारत सावरिया की माता है। उनकी अंतिम यात्रा 18 जून सुबह 9 बजे दरोगा पारा स्थित निवास से निकाली गई और कयाघाट मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।

### शशि गुप्ता



**बिलासपुर।** लिंक रोड मित्र विहार कालोनी निवासी शशि गुप्ता का निधन हो गया। वे 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 19 जून को उनके गृह ग्राम लोइंग रायगढ़ में किया जाएगा। वे एमबी गुप्ता की पत्नी एवं एक पुत्र विश्वास गुप्ता सहित 5 पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

### सभी पर आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज, भेजे गए जेल

# एसपी आवास के सामने हथियार लहराने वाले आठ गिरफ्तार, हथियार भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को नटवर स्कूल के सामने कुछ लड़कों द्वारा हाथ में तलवार हॉकी स्टीक लेकर आपस में बहसबाजी, झगड़ा मारपीट करने की सूचना मिली। थाना प्रभारी, पेट्रोलिंग स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। जहां इकट्ठे हुए लड़के मौके से भाग थे।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर कोतवाली पुलिस द्वारा वीडियो को संज्ञान में लेकर वायरल वीडियो में हथियार लहराने वाले व्यक्ति चाहत शुक्ला निवासी रेलवे कालोनी, राजू श्रीवास निवासी ईलामाल, अभिषेक ठाकुर निवासी सोनिया नगर, सोनू ठाकुर निवासी सोनिया नगर रायगढ तथा अन्य के विरुद्ध थाना कोतवाली में उसी रात अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध कायम किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा वायरल वीडियो की पुष्टि के लिए घटनास्थल के पास दुकान लगाने वालों तथा वायरल विडियो के गवाहों से पूछताछ कर घटना में शामिल आरोपियों की धरपकड़ की गई जिसमें घटना में शामिल रहे 08 आरोपी आदित्य शुक्ला उर्फ चाहत पिता अरुण कुमार शुक्ला उम्र 24 साल निवासी रेलवे मोटर स्टैंड के पीछे रेलवे कॉलोनी थाना कोतवाली रायगढ़ आदित्य श्रीवास उर्फ राजू श्रीवास पिता प्रहलाद श्रीवास उम्र 23 साल निवासी कलमीडिपा ईला मॉल के पीछे थाना कोतरारोड रायगढ़ अभिषेक ठाकुर पिता प्रहलाद ठाकुर उम्र 23 साल निवासी सोनिया नगर कोतरारोड, थाना कोतवाली रायगढ़ दीपक ठाकुर उर्फ सोनू ठाकुर पिता प्रहलाद ठाकुर उम्र 26 साल निवासी सोनिया नगर कोतरारोड सिटी कोतवाली रायगढ़ विक्की दास महंत पिता निरंजन दास महंत उम्र 23 साल सोनिया नगर कोतरारोड थाना कोतवाली रायगढ़ भौमिक चौहान पिता हृदय प्रसाद चौहान उम्र 21 साल निवासी विकास नगर गली नंबर 3 अंबेडकर आवास थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ निखिल ठाकुर पिता लखन ठाकुर उम्र 19 साल निवासी कोतरारोड रेलवे बंगला पर स्वामी विवेकानंद स्कूल के सामने थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ करन चौहान पिता धनकुमार चौहान उम्र 18 साल निवासी कोतरारोड़ विकास नगर गली नंबर 03 सामने थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ को हिरासत में लिया गया जिनमें मेमोरेंडम पर 04 छोटे बड़े तलवार और एक हॉकी स्टीक की जब्ती की गई है तथा गवाहों से आरोपियों की पहचान कार्यवाही कराया गया है। आरोपियों ने बताया 14 जून को आदित्य श्रीवास उर्फ राजू श्रीवास और अभिषेक ठाकुर जेल में निरूद्ध उनके साथी बजरंग यादव से मिलने गये थे। जहां किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा विवाद हुआ जिस पर राजू श्रीवास ने अपने साथी चाहत शुक्ला और साथियों अभिषेक ठाकुर को मारपीट का प्लान बनाया और 15 जून को हथियार लेकर नटवर स्कूल के पास मारपीट के इरादे से पहुंचे थे।



गिरफ्तार आरोपियों के साथ प्रेसवार्ता में कार्रवाई की जानकारी देते एडीशनल एसपी।



आरोपियों से जब्त हथियार।

प्रकरण में आरोपियों बलवा की धारा 147, 148, 149 आईपीसी विस्तारित कर आरोपियों को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में 06 आरोपियों के विरुद्ध शहर के थानों में कई संगीन अपराध दर्ज हैं। आरोपी आदित्य शुक्ला उर्फ चाहत शुक्ला पर लूटपाट हत्या के प्रयास समेत 16 आपराधिक मामले हैं। आरोपी अभिषेक सिंह पर आर्म्स एक्ट, मारपीट के 10 मामले, आरोपी सोनू ठाकुर पर मारपीट के 06 मामले, आरोपी भौमिक चौहान पर मारपीट, बलवा के 03 मामले, आरोपी करन चौहान पर बलवा समेत के मारपीट के 4 चार मामले, आरोपी राजू उर्फ आदित्य श्रीवास पर हत्या के प्रयास समेत मारपीट के 4 मामले दर्ज है। सीएसपी आकाश शुक्ला एवं डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, सहायक उप निरीक्षक इगेश्वर यादव, गौतम सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, श्रीराम साहू, हेमंत पात्रे, जगदीश नायक, राजेश पटेल, बृजलाल गुर्जर साइबर सेल आरक्षक जगमोहन ओग्रे, मनोज पटनायक, संदीप मिश्रा एवं साइबर सेल के धनंजय कश्यप, महेश पंडा, प्रशांत पंडा, पुष्पेन्द्र जाटवर, विक्रम सिंहए रविन्द्र गुप्ता और महिला आरक्षक मेनका चौहान की अहम भूमिका रही है।



## रमेश का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया के ग्राम पंचायत बिंजकोट से उभरते हुए साहित्यकार रमेश सारथी गौर ने भारतीय संविधान को छंदबद्ध करने में अपना योगदान दिया है।

उन्होंने इस महान ग्रंथ को काव्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया है जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से आए 142 साहित्यकारों ने भी योगदान दिया है। जिसमें ग्राम बिंजकोट के बाबूलाल सारथी के पुत्र रमेश सारथी गौर का भी काफी योगदान है। संविधान के इस महान ग्रंथ का विमोचन व सम्मान समारोह 15 जून 2024 को नई दिल्ली के हिंदी भवन में हुए सम्मान समारोह में डॉ. श्याम सिंह शशि की अध्यक्षता में विभिन्न विशेषज्ञों और साहित्यिकों ने इस अद्वितीय प्रयास को सराहा। मुख्य अतिथि मीनाक्षी लेखी, डॉ. रमा सिंह, पंकज शर्मा, श्रीमती शकुंतला कालरा, डॉ. संतोष खन्ना, सुरेश सिंह प्रियदर्शी, डॉ. चेतन आनंद और अन्य सभी उपस्थित थे। इस समारोह में सभी साहित्यकारों को प्रशस्ति पत्र और गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। देश विदेश के 142 साहित्यकारों के सुयोग्य लेखनी से तैयार हुई कृति छंदबद्ध भारत का संविधान जिसमें कुल 26 छंद, 2110 दोहे, 422 रोले व अन्य 24 छंद गीत का प्रयोग किया गया है, जो अपने में अद्वितीय है। जिसके प्रमुख संपादक डॉ. ओमकार साहू मृदुल तथा सहसंपादक डॉ. मधु संखधर स्वतंत्र एवं डॉ. सपना दत्ता सुहासिनी है। इस अद्वितीय पुस्तक के माध्यम से संविधान को गीतों के रूप में याद रखने में विधि और साहित्य स्नातकों को बड़ी सहायता मिलेगी। यह पुस्तक भारतीय संविधान के महत्वपूर्ण विषयों को एक साहित्यिक और सर्वांगीण दृष्टिकोण से प्रस्तुत करती है।

■ भारत के संविधान को छंदबद्द करने में दिया अहम योगदान

## समय पर नहीं खुलता बरमकेला जनपद कार्यालय का ताला

**सीईओ भी बेसमय पहुंचते है दफ्तर**

**बरमकेला।** शासन के द्वारा सरकारी दफ्तरों में अधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर आने को लेकर कई बार नसीहत दी गई है इसके बावजूद सरकारी अमला समय प्रबंधन को लेकर हमेशा बेपरवाह रहा है। इसकी मिसाल बरमकेला ब्लाक के तमाम शासकीय दफ्तरों में साफ नजर आती है।

ऐसा ही कुप्रबंधन बरमकेला जनपद कार्यालय में भी देखने को मिला है जहां कर्मचारियों लेकर सीईओ तक को समय की गंभीरता से कोई सरोकार नहीं है। जनपद पहुंचने वाले ग्रामीण अधिकारियों के दफ्तर के आगे घंटो तक बंद ताले को निहारते इंतजार करने को मजबूर होते है और लेटलतीफ अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कोई न कोई व्यवस्तता का हवाला देकर खुद की गलती पर पर्दा डालने का प्रयास करते देखे जा सकते है।

बीते सोमवार को बरमकेला जनपद सीईओ प्रज्ञा यादव से मिलने ग्रामीण जनपद पहुंचे थे। जहां 10 बजे के बजाए सीईओ 11.30 बजे आफिस पहुंचे और निजी व्यस्तता का हवाला देकर इस लापरवाही पर पर्दा डालने का प्रयास किया। कमोवेश यही स्थिति बरमकेला के सभी शासकीय विभागों में बनी हुई है।




### करंट से गई जान, मृतक की पत्नी को 4 लाख की सहायता

**रायगढ़।** बीते सप्ताह विद्युत तार के चपेट में आकर जान गंवाने वाले हरि नारायण राठिया की पत्नी श्रीमती पवित्रा राठिया को कलेक्टर के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा चार लाख की सहायता राशि प्रदान की गई है। कनिष्ठ यंत्री श्रीमती पूजा थवाईत ने यह चेक सौंपा। उल्लेखनीय है गत 14 जून को दोपहर बिजली खंबे का तार टूटकर गिरने एवं टूटे तार के करंट के चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई थी।


### अजय पटनायक मयंक डॉक्टरेट के मानद उपाधि

**तमनार।** साहित्य साधना का सुखद परिणाम परिणीत होना हर साहित्यकार का सपना होता है जिसकी पराकाष्ठा अगर डॉक्टरेट के मानद उपाधि से हो तो खुशी दुगुनी हो जाती है ऐसे ही साहित्य के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका निभाने वाले अजय पटनायक मयंक को मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी दिल्ली से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया है। ज्ञातव्य हो कि अजय पटनायक मयंक छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के ग्राम डोलेसरा के निवासी हैं जो जाने माने छंद मर्मज्ञ व गीतकार होने के साथ ही साथ पेशे से अभियंता हैं और वर्तमान में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड तमनार में कार्यरत हैं। कई वर्ल्ड रिकॉर्ड से विभूषित अजय पटनायक को कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है छंदमयी हिंदी और छतीसगढ़ी काव्य व गद्य पर अपनी लेखनी चलाते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिताओं के विजेता रहे हैं।

## सोशल फोरम ऑन ह्यूमन राइट्स के स्थापना दिवस पर वेबीनार

**छाल।** 14 जून को सोशल फोरम ऑन ह्यूमन राइट्स के स्थापना दिवस पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया था जिसमें सभी प्रदेश के अध्यक्ष महासचिव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष खेम सिंह चौहान ने संस्था के बारे बताया कि किस तरह से देश के नौ राज्यों में संस्था काम कर रही है संस्था द्वारा समय समय पर सेमिनार एवं वेबीनार के जरिए लोगों को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के बारे में जानकारी दी जाती है जिससे काफी लोग लाभान्वित होते रहते हैं। संस्था द्वारा विभिन्न समस्याओं के बारे में पीआईएल दाखिल किया गया एवं खास अवसर पर रक्तदान शिविर एवं निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिससे लोग लाभान्वित हुए।

आज के युवा कल के देश के भविष्य है यूवाबिंग को फोरम से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। संस्था के उद्देश्य के बारे में बताया गया कि हमें अंतिम छोर के व्यक्ति तक विधि की जानकारी पहुंचानी है एवं उनके हितों की रक्षा के लिए हम कटिबद्ध हैं। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद वाहिद सिद्दीकी ने बताया कि हर जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मिलकर काम करें एवं लोगों को ज्यादा से ज्यादा विधि के बारे में जानकारी दें जिससे कि लोगों के अधिकारों का हनन ना हो सके। हमारे प्रथम पंक्ति के जो लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयास करते हैं। मानव जो कि ईश्वर की सर्वोत्तम कृति है वह अपने बुध्दिबल के कारण ही श्रेष्ठता के इस स्तर को प्राप्त कर पाता है परंतु जब मानव अपनी बुद्धि के दुष्प्रयोग से दूसरों के अधिकारों का हनन करने लगता है तब उन अधिकारों का संरक्षण आवश्यक हो जाता है। इसलिए अधिकतर मानव अधिकार कार्यकर्ता पत्रकार एवं वकील होते है। फोरम किसी भी राजनीतिक पार्टियों से कोई सरोकार नहीं रखते। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शेखर शेल्के ने मेंबरशिप फीस के के बारे में जानकारी दी और आय व्यय का लेखा.जोखा दिया। राजस्थान के महासचिव विजय टिमानी ने बताया कि इस वर्ष मानव अधिकार दिवस पर राजस्थान में राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।




### प्रतिस्पर्धा को लेकर दुकानदारों में मारपीट

**रायगढ़।** वार्ड नंबर 25 पहाड़ मंदिर कौहाकुंडा मोहल्ला निवासी पीएचई विभाग का कर्मचारी मोहल्ले वासियों को धमकाने के साथ खुलेआम मारपीट करने में आमादा हो गया है। जिससे मोहल्ले वासियों में खौफ का माहौल है। उसके मारपीट का वीडियो जारी होने के बाद चक्रधर नगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार देवेश यादव पिता दिलचंद यादव उम्र 26 वर्ष निवासी कौहाकुंडा पहाड़ मंदिर के पास सड़क किनारे दुकान लगाकर चिकन बिक्री करके अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा है। बीते सोमवार को चंद्रशेखर यादव ने उसकी दुकान को वन विभाग से सांठ गांठ कर पलट दिया। जब देवेश दुकान गिराने का कारण पूछने लगा तब बीच सड़क पर चंद्रशेखर यादव उसकी मां और बहन अपूर्वा यादव ने देवेश यादव के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। जब लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया तब वह अपने शासकीय नौकरी में होने की धमकी देते हुए सभी को देख लेने की बात कही। इस दौरान वहां खड़े किसी व्यक्ति द्वारा घटना का पूरा वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित देवेश यादव ने चक्रधर नगर थाना पहुंचकर उसके साथ हुई घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## शाला प्रवेशोत्सव को लेकर मदनपुर संकुल के सरकारी शिक्षकों की बैठक

**खरसिया।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग रायपुर के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ और विकासखंड शिक्षा अधिकारी खरसिया के निर्देश के परिपालन में मदनपुर संकुल अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला बांसमुड़ा के विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के बाद विद्यालय प्रबंधन ने शाला प्रवेश उत्सव 2024 के आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी है।गौरतलब है की 10 जून को हुए बैठक में प्रवेश उत्सव के दौरान की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सार्थक चर्चा की गई थी। इसके अंतर्गत जनप्रतिनिधि शाला विकास समिति, पालक एवं गणमान्य नागरिकों को शाला प्रवेश उत्सव हेतु आमंत्रण निःशुल्क पाठ्य पुस्तक निः शुल्क गणवेश वितरण आदि बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन न्यौता भोज का आयोजन परीक्षा में मेधावी अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का सम्मान शाला परिवार के उत्कृष्ट पालकों का सम्मान किए जाने के बारे में चर्चा की गई थी। बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बांसमुड़ा के प्रधान पाठक आनंद द्विवेदी एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अश्वनी खैरवार ने अपने विद्यालय परिसर की साफ सफाई की।



### टीआई ने गुम बच्चों को किया परिजनों के सुपुर्द

**रायगढ़।** थाना जूटमिल में स्थानीय युवक ने मंगलवार को दो छोटे बच्चे उम्र करीब 02 और 03 साल को मिट्ठूमुडा के पास मेन रोड में कड़कती धूप में रोते हुआ देखकर थाना जूटमिल लाकर टीआई मोहन भारद्वाज को गुम बच्चों के संबंध में जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा गुम बालकों की सूचना को गंभीरता से लेते हुए गुम बच्चों के वारिसान की पता तलाश के लिए सोशल मीडिया पर गुम बच्चों के डिटेल शेयर किया गया तथा जूटमिल पेट्रोलिंग दोनों गुम बच्चों वाहन में मिट्ठूमुडा और आसपास के वार्डों में ले जाकर बच्चों के वारिसान का पता लगा लगाया गया। बच्चों के परिजनों का पता नहीं चला। सोशल मीडिया पर गुम बच्चों की खबर वायरल होने पर एक महिला व पुरूष थाना जूटमिल पहुंचे और गुम बच्चों के माता पिता होना बताए। थाना प्रभारी द्वारा उनका और बच्चों के आधार कार्ड से उनका पहचान किया गया और पूछताछ किए। महिला बताई कि वे दोनों बच्चों को घर में सुलाकर अस्पताल गए थे बच्चे कब घर से निकाल कर मेन रोड़ पर चले गए उन्हें पता नहीं चला। मोबाइल पर खबर देखकर पता चला और थाने आए। थाना प्रभारी द्वारा बच्चों के माता पिता को बच्चों की देखरेख और सुरक्षा में लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत देकर बच्चों को सुपुर्द किया गया है।

### पूर्व मंत्री की अगुवाई में एक दिवसीय धरना

## बलौदा बाजार हिंसा पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बलौदा बाजार में बीते 10 जून को ही हिंसा को शासन प्रशासन की नाकामी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को रायगढ़ सहित प्रदेश भर में कांग्रेसियों ने एक दिवसीय धरना देकर साय सरकार को जमकर घेरा। यज्ञ हुए प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम साय सिंह ने किया।

पूर्व मंत्री प्रेमसाय टेकाम के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना देकर इस पूरे मामले में विष्णुदेव साय सरकार की नाकामी व घटना के पीछे सतनामी समाज को बदनाम करने के लिये भाजपा की साजिश बताते हुए पूरी घटना की जांच की मांग को लेकर कई सवाल उठाये। बलौदाबाजार जिला मुख्यालय में हुई आगजनी व तोडफोड की घटना के बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाते हुए साय सरकार को कटघरे में खडा करते हुए कई सवाल उठाये हैं। इस संबंध में पूर्व मंत्री प्रेमसाय टेकाम ने कहा है कि इतनी बड़ी घटना के पीछे कोई न कोई बड़ी साजिश है और प्रशासनिक अमला इसे रोकने में नाकाम रहा। साथ ही साथ इस पूरे मामले में एक समुदाय विशेष के लोगों को टारगेट किया जा रहा है जबकि वहां पर बिना जांच के निर्दोश लोगों को जेल भी भेजा गया है और ऐसे मामलों में साय सरकार पर सवाल उठना लाजमी है। उनका कहना था कि एक सोची समझी रणनीति के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया था उन्होंने इस बात को माना कि पूर्व मंत्री रूद्र गुरू सहित अन्य कई कांग्रेस नेता वहां थे लेकिन भाजपा के लोग भी इसमें बडी भूमिका निभाये है। इसलिये इस हिंसक घटना की जांच की मांग को लेकर वे धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।



### संस्कार स्कूल ने दिया सेव वाटर एंड सेव लाइफ का संदेश

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल ने सेव वाटर एंड सेव लाइफ का संदेश देते हुए अभियान चलाया। इसके तहत शहर के व्यस्ततम मार्ग व चौक चौराहों पर भीषण गर्मी व तेज धूप में राहगीरों को शीतल व मीठा जल पिलाया गया। इसके माध्यम से लोगों को पानी की बचत का भी संदेश दिया गया। संस्कार स्कूल के मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि हमारी संस्था की ओर से हर साल गर्मी के दिनों में यह सेव वाटर एंड सेव लाइफ कैंपेन चलाया जाता है जिसमें स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं व स्टाफ भीषण गर्मी व तेज धूप की भी परवाह नहीं करते हुए उत्साह से भाग लेते हैं और लोगों को ठंडा पानी पिलाकर सेवा करते हैं। इसी कड़ी में 13 जून को यह अभियान चलाया गया, इसके लिए ऐसे स्थल का चयन किया गया था, जहां से लोगों की आवाजाही अधिक होती है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक अपना संदेश पहुंचा सके और लोगों की सेवा कर सकें। शहर के कमला नेहरू उद्यान के सामने, कबीर चौकए रेलवे स्टेशन चौक, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड चौक पर राहगीरों को तेज धूप व भीषण गर्मी में शीतल जल पिलाया गया।

